प्रेस नोट-

थाना प्रेमनगर, झाँसी

दिनाँक 13.02.2025

- **थाना प्रेमनगर पुलिस द्वारा शस्त्र अधिनियम के 74 अभियोगों से संबंधित कुल 104 अवैध शस्त्र/कारतूस एवं आबकारी अधिनियम के 52 अभियोगों से संबंधित कुल 1,500 ली0 अवैध कच्ची/देशी शराब का विनष्टीकरण किया गया,**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में ऑपरेशन क्लीन के क्रम में आज दिनांक 27.12.2025 को थाना मऊरानीपुर पुलिस द्वारा 03 स्थानों से बरामद कुल 7,500 लीटर अवैध कच्ची शराब का विनष्टीकरण किया गया।

संक्षिप्त विवरण-

थाना प्रेमनगर पर शस्त्र अधिनियम से संबंधित 74 अभियोगों से संबंधित दाखिल माल/अवैध शस्त्र एवं आबकारी अधिनियम के कुल 52 अभियोगों से संबंधित दाखिल माल/अवैध शराब के विनिष्टीकरण की कार्यवाही हेतु माननीय न्यायालय, झाँसी से पत्राचार करते हुए अनुरोध किया गया था, जिसके क्रम में माननीय न्यायालय द्वारा शस्त्र अधिनियम से संबंधित 74 अभियोगों एवं आबकारी अधिनियम के कुल 52 अभियोगों से संबंधित माल को नष्ट करने हेतु आदेश प्रदान किया गया।

माननीय न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुये आज दिनाँक 13.02.2026 को थाना स्थानीय के मालखाना में शस्त्र अधिनियम से संबंधित 74 अभियोगों से संबंधित कुल 104 अवैध शस्त्र/कारतूस एवं आबकारी अधिनियम के 52 अभियोगों से सम्बन्धित करीब 1,500 लीटर अवैध शराब का नियमानुसार वीडियोग्राफी व पंचनामा करते हुये 1. क्षेत्राधिकारी सदर श्री रामवीर सिंह, 2. अपर नगर मजिस्ट्रेट तहसील सदर श्री अजय कुमार यादव, 3. नायब तहसीलदार रक्सा श्री अवनीश कुमार, 4. प्रभारी निरीक्षक प्रेमनगर श्री तुलसीराम पाण्डेय, 5. आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 जनपद झाँसी श्री मनोज कुमार व थाना स्थानीय पर नियुक्त अन्य पुलिस बल की मौजूदगी में थाना प्रेमनगर में जमीन के अन्दर पर्याप्त गड्ढा खोदकर विनष्टीकरण किया गया। उक्त कार्यवाही के दौरान पर्यावरण का पूर्ण ध्यान रखा गया।

नष्ट किये गये माल का विवरण- शस्त्र अधिनियम से संबंधित 74 अभियोगों से संबंधित कुल 104 अवैध शस्त्र/कारतूस एवं आबकारी अधिनियम के 52 अभियोगों से सम्बन्धित करीब 1,500 लीटर अवैध कच्ची/देशी शराब

विनष्टीकरण कार्यवाही के दौरान उपस्थित टीम का विवरण-

1. क्षेत्राधिकारी सदर, झाँसी श्री रामवीर सिंह
2. अपर नगर मजिस्ट्रेट तहसील सदर, जनपद झाँसी श्री अजय कुमार यादव
3. नायब तहसीलदार रक्सा, जनपद झाँसी श्री अवनीश कुमार
4. आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1, जनपद झाँसी श्री मनोज कुमार श्रीवास्तव
5. तुलसीराम पाण्डेय प्रभारी निरीक्षक थाना प्रेमनगर